तापमान

अधिकतम 34 डिग्री

न्यूनतम 21 डिग्री

हरिभूमि

# सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, बुधवार, 25 फरवरी 2026

अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज

4 महापौर ने किया पीलिया प्रभावित वार्डों का दौरा, नागरिकों से की मुलाकात



## खबर संक्षेप

### सांसद की अध्यक्षता में दिशा समिति की बैठक आज

**अंबिकापुर।** कार्यालय कलेक्टर सरगुजा से प्राप्त जानकारी के अनुसार दिशा समिति की बैठक 25 फरवरी को प्रातः 11 बजे से सरगुजा लोकसभा सांसद चिंतामणी महाराज की अध्यक्षता में जिला पंचायत कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित की गई है। उक्त बैठक में सर्व संबंधितों को निर्धारित तिथि व समय में उपस्थित होने कहा गया है।

### होली के मद्देनजर शांति समिति की बैठक 26 को

**अंबिकापुर।** आगामी 4 मार्च को होली का त्यौहार एवं 21 मार्च को ईद-उल-फितर (ईद) का त्यौहार मनाया जाएगा। त्यौहारों को शांति और सौहार्दपूर्ण तरीके से मनाए जाने हेतु जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक अपर जिला दंडाधिकारी की अध्यक्षता में 26 फरवरी को सायं 4 बजे जिलाध्यक्ष कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित की गई है। बैठक में सर्वसम्बन्धितों को निर्धारित तिथि एवं समय पर जिलाध्यक्ष कार्यालय के सभाकक्ष में उपस्थित होने कहा गया है।

### कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु परीक्षा 1 मार्च को

**अंबिकापुर।** छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय आदिम जाति कल्याण विभाग आवासीय एवं आश्रम शैक्षणिक संस्थान समिति द्वारा संचालित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में शिक्षण सत्र 2026-27 हेतु कक्षा 6वीं में प्रवेश प्राक्चयन परीक्षा का आयोजन 01 मार्च को प्रातः 10 बजे से 12 बजे अपरान्ह तक जिला स्तर पर निर्धारित विभिन्न परीक्षा केंद्रों में आयोजित है। ऑनलाइन फार्म भरने वाले सभी पात्र परीक्षार्थी विभागीय वेबसाईट पर विद्यार्थी का आवेदन क्रमांक व विद्यार्थी के पिता का मोबाईल नम्बर अंकित कर प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते हैं। किसी प्रकार की कठिनाई होने पर कार्यालय सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास अम्बिकापुर एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय के प्राचार्य एवं संबंधित विकासखण्ड के मंडल संयोजक से सम्पर्क कर सकते हैं।

### टाटा सम्पन्न फाइन बेसन असुरक्षित घोषित

**अंबिकापुर।** खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग के अभिहित अधिकारी ने बताया कि टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड द्वारा विनिर्मित खाद्य पदार्थ पैक्ड टाटा सम्पन्न फाईन बेसन को काल लैब प्राइवेट लिमिटेड भोपाल मध्य प्रदेश के जांच द्वारा असुरक्षित घोषित किया गया है। उन्होंने आम जनता से आह्वान किया है कि उक्त बैच नं. जीवी5एच0844डीआई के खाद्य पदार्थ को ना खरीदें साथ ही साथ सभी खाद्य विक्रेता, थोक-फुटकर से भी आह्वान किया है कि उक्त बैच नं. जीवी 5 एच0844डीआई के खाद्य सामग्री का क्रय-विक्रय-भण्डारण तत्काल प्रभाव से बंद किया जाए ताकि त्रुटिवश भी ऐसे खाद्य पदार्थ के विक्रय की संभावना ना रहे। उक्त बैच नंबर के शेष बचे हुए खाद्य पदार्थ को पृथक से संधारित किया जाए ताकि कंपनी में वापसी की जा सके।

### एमसीबी में 4.82 लाख क्विंटल का परिवहन

**मनेन्द्रगढ़।** 25 उपार्जन केन्द्रों में खरीदे गए धान का सुव्यवस्थित परिवहन लगातार जारी है। अब तक जिले में कुल 8 लाख 79 हजार 848.6 क्विंटल धान की खरीदी की जा चुकी है, इनमें से 4 लाख 82 हजार 860 क्विंटल धान का सफलतापूर्वक उठाव कर लिया गया है। यह उपलब्धि न केवल प्रशासनिक दक्षता को दशार्ती है।



रमज़ान मुबारक

सातवां रोज़ा

आज का इफ्तार - 6.03 बजे

कल की सेहरी - 4.59 बजे

# प्रदेश सरकार के बजट में सरगुजा पर विशेष फोकस, मैनपाट में पर्यटन के लिए 5 करोड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

प्रदेश के वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने सदन में छत्तीसगढ़ के विकास का बजट पेश किया। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सरकार के कार्यकाल के इस बजट में बस्तर के साथ ही सरगुजा जिले पर विशेष फोकस रहा। वित्तमंत्री द्वारा पेश किए गए बजट में मैनपाट में पर्यटन को विकसित करने के लिए 5 करोड़ रूपए का प्रावधान किया गया है। इसके साथ ही अंबिकापुर में 220 बिस्तरीय जिला अस्पताल के भवन निर्माण, डॉक्टर व विशेषज्ञ चिकित्सकों के भर्ती हेतु बजट में प्रावधान किया गया है।

- 220 बिस्तरीय जिला अस्पताल भवन निर्माण, सूरजपुर में 100 सीटर दृष्टि एवं श्रवणबाधित विद्यालय व छात्रावास
- सरगुजा ओलम्पिक के लिए 5 करोड़ का प्रावधान, बलरामपुर में साइबर थाना

बता दें कि प्रदेश के वित्त मंत्री ने अपने बजट भाषण की शुरुआत सरगुजा और बस्तर में विकास की परिकल्पना से की। प्रदेश सरकार के बजट में खेल को बढ़ावा देने के लिए सरगुजा ओलंपिक हेतु बजट में 5 करोड़ रूपए का प्रावधान किया गया है। मुख्यमंत्री बस योजना के लिए बस्तर से सरगुजा तक 10 करोड़ रूपए का प्रावधान किया गया है। छग होम स्टे पॉलिसी के लिए भी बस्तर व सरगुजा में 10 करोड़ का प्रावधान किया गया है। प्रदेश में आजीविका के अवसर सृजित करने के लिए अलाईड कृषि सेक्टर, एग्रो एवं एग्रोफॉरेस्टर प्रोसेसिंग के लिए 100 करोड़ रूपए का प्रावधान बस्तर व सरगुजा में किया गया है। बकरी, शुकर व मधुमक्खी पालन के लिए 15 करोड़ रूपए का प्रावधान किया गया है। बजट में एनएच 43 लुचकी घाट से एनएच 343 रामानुजगंज रोड तक सड़क निर्माण के लिए 7 करोड़, बलरामपुर रिंग रोड निर्माण के लिए 10 करोड़ रूपए, भैयाथान के तेलगांव से बुंदिया तक सड़क निर्माण हेतु 7 करोड़ रूपए का प्रावधान बजट में किया गया है। इसके साथ ही सिंचाई के क्षेत्र में बात की जाए तो अंबिकापुर के सरगवां में बैराज निर्माण हेतु 20 का प्रावधान किया गया है।

मुख्यमंत्री घोषणा के अनुरूप सरगुजा-जशपुर विकास प्राधिकरण की राशि 50 करोड़ से बढ़ाकर 75 करोड़ रूपए की गई है। शंकरगढ़ से सुहेला व्हाया कांसाबेल तक 2 लेन सड़क उन्नयन के लिए राशि का प्रावधान किया गया है।





### एयरपोर्ट विकास के लिए राशि

प्रदेश की विष्णुदेव साय सरकार ने बिलासपुर, जगदलपुर, के साथ ही अंबिकापुर एयरपोर्ट को विकसित करने के लिए 80 करोड़ रूपए का प्रावधान किया है। इसके साथ ही एयरपोर्ट से नियमित उड़ान हो सके इसके लिए राज्य सरकार द्वारा वाईबिलिटी गैप फंडिंग हेतु 30 करोड़ रूपए का प्रावधान बजट में किया गया है। सूरजपुर जिले में 100 सीटर दृष्टि एवं श्रवण बाधित विद्यालय एवं छात्रावास के लिए 3 करोड़ रूपए का प्रावधान बजट में किया गया है। सरगुजा में कोतला समाज के भवन हेतु 50 लाख रुपए का प्रावधान किया गया है। मैनपाट, शंकरगढ़, कुसमी, बगीचा में आलू की खेती करने वाले किसानों को प्रोत्साहन करने आलू प्रदर्शन विकास योजना की शुरुआत हेतु बजट में प्रावधान किया गया है। वहीं बलरामपुर जिले में साईबर थाना की स्थापना हेतु भी बजट में प्रावधान किया गया है।

#### कुदरगढ़ को करेंगे विकसित

बजट में प्रदेश के पांच शक्तिपीठों में से एक कुदरगढ़ को शक्तिपीठ सर्किट के रूप में विकसित करने हेतु बजट में प्रावधान किया गया है। इसके साथ ही मैनपाट, मां कुदरगढ़ी के दरबार तक पहुंचने के लिए रोप-वे निर्माण हेतु बजट में प्रावधान किया गया है। इसके साथ ही खेल अधोसंरचना में विकास के लिए अंबिकापुर में स्टेडियम निर्माण का भी बजट में प्रावधान किया गया है।

### महतारी गौरव वर्ष में मातृशक्ति को समर्पित : राजवाड़े

प्रदेश की महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने बजट को महतारी गौरव वर्ष' के संकल्पों को साकार करने वाला ऐतिहासिक और दूरदर्शी बजट बताया। उन्होंने कहा कि यह बजट केवल आंकड़ों का दस्तावेज नहीं, बल्कि प्रदेश की माताओं, बहनों और बेटियों के आत्मविश्वास को सशक्त करने का ठोस खाका है। सरकार ने महिलाओं और बालिकाओं की शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण, सुरक्षा और आर्थिक स्वावलंबन को नीति के केंद्र में रखकर समावेशी विकास का स्पष्ट संदेश दिया है। मुख्यमंत्री लखपति दीदी भ्रमण योजना के लिए 5 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। महिलाओं के लिए सुरक्षित, सहयोगात्मक और प्रेरक वातावरण तैयार करने हेतु 250 महतारी सदनों के निर्माण के लिए 75 करोड़ रूपए का प्रावधान किया गया है। प्रदेश में 500 नए आंगनबाड़ी केंद्रों के निर्माण हेतु 42 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। मंत्री श्रीमती राजवाड़े ने विशेष रूप से रानी दुर्गावती योजना का उल्लेख करते हुए बताया कि 18 वर्ष पूर्ण करने पर पात्र बालिकाओं को 1.50 लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी। उन्होंने कहा कि महतारी गौरव वर्ष केवल उत्सव नहीं, बल्कि माताओं और बेटियों के स्वाभिमान, अधिकार और सशक्तिकरण का संकल्प है।



### ग्रामीण अर्थ व्यवस्था को मिलेगी गति : राजेश

प्रदेश के कैबिनेट मंत्री राजेश अग्रवाल ने कहा कि भाजपा कृषक उन्नति योजना 10,000 करोड़, कृषि पंपों हेतु 5,500 करोड़ बिजली सब्सिडी, प्रधानमंत्री फसल बीमा 820 करोड़ ये प्रावधान किसानों की लागत घटाकर आय बढ़ाने की दिशा में ठोस कदम हैं। पूंजीगत निवेश से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को गति मिलेगी।



### 1.72 लाख का बजट प्रोविजन बेमानी : टीएस

पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव ने कहा कि राज्य सरकार ने पिछले वित्तीय वर्ष में रखे गए बजट के लक्ष्यों को प्राप्त नहीं किया है ऐसे में राज्य सरकार का 1.72 लाख का बजट प्रोविजन बेमानी है। राज्य सरकार का राजस्व व्यय पिछले बजट की राशि 1.38 लाख की तुलना में बढ़कर 1.45 लाख करोड़ हो गया है उसकी तुलना में पूंजीगत व्यय 26341 करोड़ रुपए से बढ़कर 26500 करोड़ हुआ है जो बेहद निराशाजनक है। एक ओर प्रदेश की सरकार डबल इंजन के नाम पर अधोसंरचना विस्तार की बड़ी बड़ी बात कर रही है वहीं प्रावधान ऊंट के मुंह में जीरा होगा।



### आत्मनिर्भर छग मजबूत नींव बनेगा : भारत

भाजपा जिलाध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया ने कहा कि छत्तीसगढ़ शासन द्वारा प्रस्तुत वर्ष 2026-27 का 1,72,000 करोड़ का बजट वित्तीय अनुशासन और तीव्र विकास का संतुलित दस्तावेज है। राज्य का अनुमानित जीएसडीपी 7,09,553 करोड़ (12.4% वृद्धि), पूंजीगत व्यय 26,500 करोड़ (बजट का 15.4 प्रतिशत), तथा राजकोषीय घाटा 2.87 प्रतिशत (एफआरबीएमसीमा के भीतर) प्रदेश की मजबूत आर्थिक दिशा को दर्शाता है।



### सामाजिक सशक्तिकरण को मिलेगी नई मजबूती: प्रबोध

विधायक प्रबोध मिंज ने कहा कि पीएम जनमन योजना 720 करोड़, धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान 200 करोड़, 25 प्री-मैट्रिक/पोस्ट-मैट्रिक छात्रावास हेतु 75 करोड़ जनजातीय शिक्षा व सामाजिक सशक्तिकरण को नई मजबूती देंगे।



### संतुलित विकास की प्रतिबद्धता : रामकुमार

विधायक सीतापुर राम कुमार टोप्पो ने कहा कि सरगुजा-बस्तर क्षेत्र के लिए अतिरिक्त पोषण सहायता 15 करोड़, हवाई सेवाओं के विस्तार हेतु 80 करोड़ अधोसंरचना प्रावधान, मेडिकल कॉलेज संचालन हेतु 50 करोड़ क्षेत्रीय संतुलित विकास की प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं।



### शहरी सुविधाओं का आधुनिक रोड मैप : मंजूषा

ननि महापौर श्रीमती मंजूषा भगत ने कहा कि नगरीय विकास 2,150 करोड़, नगरीय अधोसंरचना 750 करोड़, मुख्यमंत्री आदर्श शहर समृद्धि योजना 200 करोड़ शहरी सुविधाओं के आधुनिकीकरण का रोडमैप है। इन योजनाओं से नगरीय निकायों के विकास को नई गति मिलेगी।



### रोजगार क्षमता में होगी वृद्धि : विश्व विजय

युवा आयोग के अध्यक्ष विश्व विजय सिंह तोमर ने कहा कि सीजी एसीई 33 करोड़, मेगा परीक्षा केंद्र 25 करोड़, स्वामी विवेकानंद उत्कृष्ट स्कूल योजना 100 करोड़, स्टार्टअप एवं एनआईपीयूएन मिशन युवाओं के कौशल और रोजगार क्षमता में गुणात्मक वृद्धि करेंगे।



### सरगुजा संभाग के साथ हुआ छल : बाल कृष्णा

कांग्रेस जिलाध्यक्ष बाल कृष्ण पाठक ने कहा कि सरकार ने बजट 2026 के लिए संकल्प रूपी जुमले का उपयोग करते हुए सरगुजा संभाग के ज्ञान (गरीब, युवा, अन्नदाता, नारी ) के साथ छल किया है। बजट में सरगुजा को उद्योग, रोजगार-स्वरोजगार, सिंचाई, सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य के क्षेत्र में कुछ भी हासिल नहीं हुआ। मनरेगा के स्थान पर लायी गयी जी राम जी योजना के लिए बजट में मात्र 4000 करोड़ का योगदान है। यह केंद्र के अंशदान को मिलाकर है। प्रदेश में 85 लाख मजदूरों को 125 दिन के काम का भुगतान 26 हजार करोड़ होगा। तो क्या जी राम जी योजना प्रदेश की श्रमशक्ति से छलावा है। महतारी वंदन के मद में मात्र 8200 करोड़ का प्रावधान है जबकि विगत वर्ष इसपर 14000 करोड़ खर्च हुए। क्या प्रदेश की सरकार ने महतारी वंदन योजना से लाखों महिलाओं को बाहर करने की किसी छिपी योजना पर कार्य कर रही है, इसे सरकार अवश्य बताये।



### सिर्फ घोषणा तक ना रह जाए सीमित : आदित्येश्वर

एआईसीसी सदस्य आदित्येश्वर शरण सिंहदेव ने कहा कि कुनकुरी में मेडिकल कॉलेज का प्रस्ताव स्वागत योग्य है किंतु यह बजटीय घोषणा ही साबित होकर न रह जाए। इस सरकार ने अपने बजटों में सरगुजा संभाग सहित पूरे प्रदेश में चालू योजनाओं पर बड़ी बड़ी घोषणाएं तो की हैं लेकिन ये बस घोषणा ही साबित हुई। अम्बिकापुर मेडिकल कॉलेज के अस्पताल का भवन इसका साक्षात उदाहरण है। पूंजीगत व्यय में मात्र 359 करोड़ की वृद्धि सरकार की खराब आर्थिक स्थिति को प्रदर्शित कर रही है। मनरेगा में पहले केंद्र का योगदान 3600 करोड़ होता था। जी राम जी योजना के बाद अब यह घटकर 2400 करोड़ हो जायेगा। शेष 1600 करोड़ का इंतजाम राज्य सरकार पर आएगा। केंद्र की फ्लैगशिप योजनाओं पर राज्य सरकार के अंशदान में हो रही वृद्धि कहीं न कहीं राज्य सरकार पर आर्थिक बोझ बन रही है, नतीजतन राज्य की सरकार अब गांधी जी की पुण्यतिथि शहीद दिवस और होली के दिन भी शराब दुकान खोल राजस्व के संग्रहण में लगी हुई है।



### विकसित सरगुजा बनाने प्रावधान : विकास

भाजपा पार्षद विकास पाण्डेय ने कहा कि बजट में विकसित छत्तीसगढ़ एवं विकसित सरगुजा बनाने के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य,चिकित्सा, जल संसाधन, नगर विकास, सड़क, पंचायत एवं ग्रामीण विकास ,पर्यटन,पर विशेष बजट दिया गया। जिसमे सरगुजा को विशेष महत्व देते हुए सरगुजा विकास प्राधिकरण, सरगुजा ओलंपिक, मोबाइल नेटवर्क, मुख्यमंत्री बस योजना,पर्यटन विकास पर विशेष बजट सरगुजा को मिला।



### महिला सशक्तिकरण को मिलेगा आर्थिक आधार : विनोद

भाजपा जिला महामंत्री विनोद हर्ष ने कहा कि महिला एवं बाल विकास 11,000 करोड़, महतारी वंदन योजना 8,200 करोड़, आंगनबाड़ी सशक्तिकरण 2,320 करोड़ महिला सशक्तिकरण को आर्थिक आधार प्रदान करते हैं।



### बुनियादी ढांचे पर केंद्रित बजट : विजयराज

बिश्रामपुर। भाजपा अंत्योदय प्रकोष्ठ के पूर्व प्रदेश संयोजक विजयराज अग्रवाल ने बजट की बुनियादी ढांचे, स्वास्थ्य और महिला सशक्तिकरण की दिशा में क्रांतिकारी कदम बताया है। उन्होंने बताया कि विकसित भारत के संकल्प को नई गति प्रदान करेगा। प्रत्येक जिले में गर्ल्स हॉस्टल निर्माण से छात्राओं के स्कूल ड्रॉप-आउट में भारी कमी आएगी।

### समावेशी एवं जनकल्याणकारी बजट : अनूप

पूर्व भाजपा जिला उपाध्यक्ष अनूप सिन्हा ने बजट को समावेशी और जनकल्याणकारी, विकासोन्मुख, किसान, मजदूर, स्वास्थ्य और शिक्षा जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों पर केंद्रित बताया है। उन्होंने कहा कि बजट में सूरजपुर जिले में मूकबधिर विद्यालय तथा आस्था के प्रमुख केंद्र मां बागेश्वरी धाम कुदरगढ़ के विकास हेतु राशि का प्रावधान सराहनीय कदम है।

### उभरते छग की दिशा तय करने वाला बजट : आकाश

राजपुर जनपद उपाध्यक्ष आकाश अग्रवाल ने छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट की सराहना करते हुए कहा कि वित्त मंत्री ओपी चौधरी द्वारा पेश बजट युवा, शिक्षा एवं ग्रामीण विकास के लिए विशेष प्रावधानों के कारण नए और उभरते छत्तीसगढ़ की दिशा तय करता है। बजट में युवाओं के कौशल विकास, शिक्षा सुविधाओं के विस्तार तथा गांवों में आधारभूत संरचना मजबूत करने पर विशेष जोर दिया गया है। सभी वर्गों का ध्यान रखते हुए तैयार किया गया यह बजट समावेशी विकास और संतुलित प्रगति की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।



### क्षेत्र के प्राथमिकताओं की हुई अनदेखी : नीरज

ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष नीरज तिवारी ने कहा कि छत्तीसगढ़ विधानसभा में प्रस्तुत बजट में हमारे क्षेत्र की आवश्यकताओं और प्राथमिकताओं की अनदेखी की गई है। यह बजट न केवल कमजोर है बल्कि इसमें विकास की दृष्टि भी स्पष्ट रूप से अनुपस्थित है। क्षेत्र की जनता लंबे समय से बुनियादी सुविधाओं, सड़क, स्वास्थ्य और शिक्षा के लिए संघर्ष कर रही है परंतु इस बजट में उनके लिए कोई ठोस प्रावधान नहीं किया गया। हम इस उपेक्षा की कड़ी निंदा करते हैं और सरकार से मांग करते हैं कि क्षेत्रीय संतुलन को ध्यान में रखते हुए बजट में संशोधन किया जाए। जनता की आकांक्षाओं और अधिकारों की पूर्ति के लिए ठोस कदम उठाए जाएं।



### सुरक्षा एवं सुशासन को मिलेगी मजबूती : मेजर

भाजपा नेता अनिल सिंह मेजर ने बताया कि बजट में गृह विभाग के लिए 8,380 करोड़ का प्रावधान किया गया है वहीं साइबर तहसील की स्थापना, प्रशासनिक आवास निर्माण की पहल की गई है। इससे प्रदेश में सुरक्षा एवं सुशासन को और मजबूती मिलेगी।

## वनकर्मियों को ट्रेलर ने मारी टक्कर, किया गया रिफर



**राजपुर।** बलरामपुर जिले के ग्राम कोदो डिपा के पास राष्ट्रीय राजमार्ग 343 में एक ट्रेलर ने मोटरसाइकिल में सवार दो लोगों को पीछे से टक्कर मार दी। दोनों व्यक्ति वन विभाग में पदस्थ है। इस टक्कर से दोनों कर्मचारियों के पैर फ्रैक्चर हो गया। घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को स्वास्थ्य केंद्र उपचार हेतु भर्ती कराया जहां स्थिति गंभीर देखते हुए अंबिकापुर के लिए रेफर कर दिया गया है। घटना मंगलवार दोपहर 1 बजे की बताई जा रही है। बलरामपुर जिले के राजपुर वन परिक्षेत्र के अंतर्गत बासेन में दरोगा के पद पर पदस्थ शांति प्रकाश लकड़ा एवं सिपाही विक्रम बखला अपने होंडा मोटरसाइकिल से किसी काम से बासेन से पास्ता की ओर जा रहे थे इस दौरान कोदोडिपा के समीप राष्ट्रीय राजमार्ग 343 में पुल के समीप पीछे से आ रही ट्रेलर ने उन्हें टक्कर मार दी। घटना के बाद ट्रेलर चालक वाहन लेकर फरार हो गया। घटना की जानकारी लगते ही तत्काल स्थानीय लोगों ने दोनों घायलों को निजी वाहन से राजपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र उपचार हेतु भेजवाया। घटना में दोनों व्यक्तियों का पैर फ्रैक्चर हो गया वहीं टक्कर से मोटरसाइकिल का पीछे का हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया है।

### फाईलेरिया मुक्ति अभियान अंतर्गत दवा सेवन अभियान 28 तक

**अंबिकापुर।** जिला मलेरिया एवं वेक्टर जनित रोग नियंत्रण अधिकारी ने बताया कि राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत सामूहिक दवा सेवन गतिविधि सरगुजा जिले के सभी विकासखण्डों में 10 से 25 फरवरी तक संचालित की जा रही है। भारत सरकार द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य में सामूहिक दवा सेवन की अवधि 28 फरवरी तक बढ़ाये जाने हेतु दिशा-निर्देश जारी की गई है, जिस तारतम्य में सरगुजा जिले में भी 28 फरवरी तक सामूहिक दवा सेवन कार्यक्रम चालाया जाएगा। इस दौरान छूटे हुए जनसमुदाय को फाइलेरिया रोधी दवाइयां डीईसी एल्बेन्डाजोल एवं आईवरमेक्टिन दवा प्रशासकों द्वारा गृह भेंट कर खिलाई जाएगी।

## विधायक टोप्पो ने विस के प्रश्न काल में उठाया खेल सुविधाओं एवं अवैध कटाई का मामला



**अंबिकापुर/मैनपाट।** बजट सत्र के प्रश्नकाल के दौरान सीतापुर विधायक रामकुमार टोप्पो ने अपने विधानसभा क्षेत्र में युवाओं के हित में खेल सुविधाओं से संबंधित महत्वपूर्ण सवाल उठाया। उन्होंने खेल मैदानों के संबंध में खाली शासकीय भूमि, राजस्व अभिलेखों में दर्ज भूमि की स्थिति, पंचायत वार शासकीय भूमि के खसरा की जानकारी, अब तक किए गए विकास कार्यों एवं आगामी विकास योजनाओं से संबंधित प्रश्न पूछा।

प्रश्न के जवाब में राजस्व मंत्री ने बताया कि सरकार द्वारा सीतापुर विधानसभा क्षेत्र के युवाओं के लिए खेल सुविधाओं के विस्तार के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे है। खिलाड़ियों को स्थायी एवं सुव्यवस्थित खेल मैदान उपलब्ध कराने लगातार प्रयास किए जा रहे है तथा आने वाले समय में खेल सुविधाओं के विस्तार के लिए ठोस कदम उठाए जा रहे है ताकि क्षेत्र के युवाओं को बेहतर अवसर एवं संसाधन मिल सके। सीतापुर के विकास एवं युवाओं का भविष्य उज्जवल बनाने का सरकार का संकल्प अटल है। विधायक श्री टोप्पो ने प्रश्न काल में वन मंत्री से सीताव्पुर विधानसभा क्षेत्र में वर्ष 2023 से 2025 तक वनोपज संग्रह एवं वनोपज संग्रहण करने वाले हितग्राहियों के भुगतान के संबंध में प्रश्न पूछा। उन्होंने वनमंत्री से वर्ष 2022 से 2025 के बीच हुई अवैध कटाई, परिवहन, इस संबंध में दर्ज मामले एवं वनों की अवैध कटाई रोकने विभाग द्वारा किए गये प्रयासों से संबंधित जानकारी पूछी।

## पीलिया से ग्रसित बच्चे समेत दो की उपचार के दौरान मौत, मचा हड़कंप

**अंबिकापुर।** शहर में वार्डों में दूषित पेयजल से पीलिया के मरीज मिलने की घटनाओं और इसे लेकर शुरू हुई राजनीति के बीच अब बीमारी से एक बच्चे समेत दो की मौत का मामला सामने आया है।

- निजी अस्पताल में चल रहा था उपचार, सीएमएचओ ने दिए कैम्प लगाने के निर्देश

बच्चा पिछले कुछ दिनों से पीलिया से ग्रसित था और गंभीर हालत में उसे मेडिकल कॉलेज अस्पताल से रिफर किया गया था लेकिन परिजन बच्चे को रायपुर लेकर जाने के बदलने निजी अस्पताल में उपचार करा रहे थे। एक निजी अस्पताल से दूसरे अस्पताल शिफ्ट करने के दौरान बच्चे की मौत हुई है। वहीं नवापारा अस्पताल में भी एक व्यक्ति की पीलिया से मौत हुई है। पीलिया से मौत की पुष्टि स्वास्थ्य विभाग ने भी की है।

बताया जा रहा है कि शहर के नमनाकला खटिक पारा निवासी 13 वर्षीय छात्र दिव्यांश राय आ. प्रेमा राय शहर के निजी स्कूल में कक्षा 8वीं में पढ़ाई करता था। छात्र की 19 फरवरी से तबीयत खराब थी और उसे मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां छात्र में पीलिया की पुष्टि हुई थी। बच्चे में पीलिया की पुष्टि होने के बाद अस्पताल में स्थिति गंभीर होने पर चिकित्सकों ने उसे रायपुर रिफर कर दिया था लेकिन बताया जा रहा है कि छात्र को परिजन उपचार के लिए रायपुर नहीं ले जाकर मिशन अस्पताल में उसका उपचार करा रहे थे। मिशन अस्पताल में भी छात्र की हालत में सुधार नहीं हुआ तो परिजन उसे लेकर शहर के एक अन्य निजी अस्पताल जा रहे थे लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। छात्र की मौत के बाद परिजन उसे लेकर अंतिम संस्कार के लिए बनारस चले गए। इधर पीलिया से छात्र की मौत के बाद क्षेत्र में हडकंप मच गया है। बताया जा रहा है कि वार्ड में कुछ अन्य लोग भी पीलिया से ग्रसित है। बता दें कि इन दिनों नगर निगम क्षेत्र में लगातार पीलिया के मरीज मिल रहे है। हाल ही में शहर के नवागढ़ मोमिनपुर क्षेत्र में पीलिया के मरीज मिलने की बात सामने आई है। स्वास्थ्य विभाग से नवागढ़ पीएचसी की प्रभारी द्वारा कराए गए पानी सैम्पलिंग और जांच में मेडिकल कॉलेज के माइक्रो बायोलाजी विभाग की ने कुछ सैम्पल में ई कोलाई बैक्टीरिया की पुष्टि की थी। वहीं घुटरापारा क्षेत्र में भी पीलिया के कुछ केस मिलने की बात सामने आई है। पीलिया को लेकर नगर निगम सरकार भी अलर्ट मोड़ में है और मंगलवार को स्वयं ननि महापौर ने वार्डों का निरीक्षण भी किया। हालांकि पीलिया व दूषित पेयजल को लेकर पक्ष विपक्ष के बीच आरोप प्रत्यारोप का दौर भी शुरू है ऐसे में एक बच्चे की पीलिया से मौत की खबर से हड़कंप मच गया है। इधर घटना के बाद सीएमएचओ डॉ. पीएस मार्को ने भी वार्ड में कैम्प लगाकर संभावित मरीजों की जांच करने के निर्देश दिए है जिसके बाद बुधवार को वार्ड में शिविर लगाया जाएगा।

### जनपद पारा में एक मौत

बताया जा रहा है कि पीलिया से जनपद पारा में भी एक मौत हुई है। जनपद पारा निवासी 40 वर्षीय सोना लाल भी पीलिया की बीमारी से ग्रसित था। युवक की जांच नवापारा यूपीएचसी में की गई थी जहां पीलिया की पुष्टि हुई थी। पीलिया से गंभीर युवक ने 22 फरवरी को दम तोड़ दिया।

### पीलिया से था ग्रसित

बच्चे को पीलिया था और उसकी हालत गंभीर थी। बच्चे को मेडिकल कॉलेज अस्पताल से रिफर किया गया था लेकिन परिजन उसे लेकर मिशन अस्पताल चले गए और वहां से दूसरे अस्पताल लेकर जाते समय उसकी मौत हुई है। पीलिया से बच्चे समेत दो की मौत हुई है। वार्ड में कैंप लगाकर जांच करने के निर्देश दिए गए है। इसके साथ ही जानकारी एकत्रित की जा रही है।

**-पीएस मार्को**, सीएमएचओ

## पिकअप के अचानक आगे बढ़ जाने से गिरा ग्रामीण, मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

टेंट का सामान पिकअप पर रख रहा ग्रामीण अचानक चालक द्वारा वाहन आगे बढ़ा देने से नीचे गिर गया। दुर्घटना में गंभीर हुए ग्रामीण की अस्पताल ले जाते समय मौत हो गई। रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध दर्ज किया है।

जानकारी के अनुसार भटगांव थाना अंतर्गत ग्राम बांधपारा निवासी सोभरन आ. शिव भजन (46 वर्ष) गांव के ही राजेन्द्र के घर 22 फरवरी को चौथी कार्यक्रम था। दूसरे दिन टेंट का सामान वापस करने के लिए सोभरन पिकअप क्रमांक सीजी 29 एएच 1235 पर सामान चढ़ा रहा था। इसी दौरान चालक अचानक वाहन आगे बढ़ा दिया तो सोभरन नीचे गिर गया जिससे सिर में चोट लगने से गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन तत्काल उसके भटगांव अस्पताल में भर्ती कराया जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत घायल हो मृत घोषित कर दिया।

इधर परिजन की रिपोर्ट पर पुलिस ने पिकअप चालक के विरूद्ध धारा 184, 106(1) के तहत अपराध दर्ज किया है।

## खबर संक्षेप

### छग टीचर्स एसोसिएशन के प्रदेश उपाध्यक्ष बने मुकेश

**अंबिकापुर।** छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के प्रांत अध्यक्ष संजय शर्मा द्वारा संगठन की प्रांतीय कार्यकारिणी में आंशिक संशोधन करते हुए मैनपाट निवासी प्रधान पाठक मुकेश कुमार मुदलियार को



प्रदेश उपाध्यक्ष पद पर नियुक्त किया गया है। श्री मुदलियार वर्तमान में शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला, कदनई में प्रधान पाठक के पद पर पदस्थ हैं। प्रदेश उपाध्यक्ष पद पर नियुक्ति होने पर शिक्षक समुदाय में हर्ष व्याप्त है। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन सरगुजा के जिला अध्यक्ष कमलेश सिंह ने श्री मुदलियार को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मुकेश कुमार मुदलियार एक कर्मठ, सक्रिय एवं शिक्षक हितैषी व्यक्तित्व के धनी हैं। उनके अनुभव एवं नेतृत्व क्षमता से संगठन को निश्चित ही नई ऊर्जा और दिशा मिलेगी तथा शिक्षक साथियों की समस्याओं के समाधान हेतु संगठन और अधिक सशक्त होगा।

### यादव समाज ने फिल्म पर रोक लगाने राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन



**राजपुर।** बलरामपुर जिले की अखिल भारतीय यादव महासभा ने यादव जी की लव स्टोरी नामक फिल्म पर आपत्ति जताते हुए उसके प्रदर्शन पर रोक लगाने की मांग की है। महासभा के जिलाध्यक्ष व्यासमुनी यादव के नेतृत्व में राष्ट्रपति के नाम कलेक्टर के माध्यम से ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में आरोप लगाया गया है कि फिल्म का निर्माण ओम ठकुरानी प्रोडक्शन प्राइवेट लिमिटेड द्वारा किया गया है और इसके पोस्टर, ट्रेलर एवं सोशल मीडिया प्रचार सामग्री में यादव समाज की छवि को आपत्तिजनक ढंग से प्रस्तुत किया गया है। महासभा का कहना है कि इससे समाज की भावनाएं आहत हुई है तथा व्यापक स्तर पर असंतोष व्याप्त है। जिलाध्यक्ष व्यासमुनी यादव ने कहा कि यादव समाज सदैव राष्ट्र निर्माण, सामाजिक समरसता एवं सांस्कृतिक मूल्यों के संरक्षण में अग्रणी रहा है। उन्होंने कहा हम किसी प्रकार का विवाद या टकराव नहीं चाहते, किंतु समाज की गरिमा और सम्मान से समझौता भी स्वीकार्य नहीं है। महासभा ने फिल्म के प्रदर्शन पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाते हुए निष्पक्ष एवं गहन जांच कराने की मांग की है। इस दौरान समाज के प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश कुमार यादव, कांग्रेस जिलाध्यक्ष बलरामपुर हरिहर यादव, रामाधार यादव, राम बिहारी, राजधन यादव, बाल मुकुंद यादव सहित अन्य मौजूद थे।

### राकेश बने भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ के जिला संयोजक

**रामानुजगंज।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव की सहमति से भारतीय



जनता पार्टी चिकित्सा प्रकोष्ठ के जिला संयोजक पद की घोषणा कर दी गई है। इस घोषणा के तहत नगर के वार्ड क्रमांक 12 निवासी डॉ. राकेश गुप्ता को लगातार दूसरी बार जिला संयोजक की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। डॉ. राकेश गुप्ता सामाजिक और जनसेवा के कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं। अपने पूर्व कार्यकाल के दौरान उन्होंने चिकित्सा प्रकोष्ठ के माध्यम से विभिन्न स्वास्थ्य शिविरों, जागरूकता अभियानों तथा जरूरतमंदों को चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराने जैसे कार्यक्रम में योगदान दिया। उन्होंने कहा कि पहले कार्यकाल में जिस प्रतिबद्धता के साथ उन्होंने दायित्वों का निर्वहन किया, उसी समर्पण भाव से वे दूसरे कार्यकाल में भी कार्य करते हुए संगठन को मजबूत बनाने और समाज हित के कार्यों को आगे बढ़ाने का प्रयास करेंगे।

### दबंगों ने घर में घुसकर की मारपीट, एसपी से शिकायत



**प्रतापपुर।** खड़गवां कला गांव में एक परिवार पर दबंगों द्वारा घर में घुसकर मारपीट करने का मामला सामने आया है। पीड़िता तारा चक्रधारी, पति वीरेंद्र कुमार ने पुलिस अधीक्षक से शिकायत कर आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।पुलिस अधीक्षक से किए शिकायत में पीड़त पक्ष ने बताया है कि 20 फरवरी की शाम अर्जुन, राजकुमार, बुधनी एवं आशा नामक व्यक्ति उनके घर के पास पहुंचे और गाली-गलौज करने लगे। तारा चक्रधारी ने इसकी सूचना तत्काल खड़गवां चौकी में दी लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुआ। अगले ही दिन सुबह आरोपियों ने दोबारा घर पहुंचकर सूर्यबली, रमेश और कौशल्या ने न सिर्फ उत्पात मचाया और सभी ने मिलकर तारा चक्रधारी और उनके पति के साथ लाठी-डंडों से मारपीट की। पीड़ित पक्ष का आरोप है कि घटना के दौरान आरोपियों ने पीड़िता का मोबाइल फोन छीन लिया और वीडियो फुटेज और महत्वपूर्ण दस्तावेज नष्ट कर दिया। पीड़ित पक्ष ने मामले की जांच कराने के साथ ही दोषियों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है।

---

#### बच्चों को भोजन बनाने से लेकर करना पड़ता है परिसर की साफ सफाई

# धौरपुर बालक छात्रावास में भारी अव्यवस्था, बच्चों की बढ़ी परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ धौरपुर



छात्रावास परिसर की सफाई करते



बच्चे भोजन के लिए सब्जी काटते बच्चे

**खास बातें**

- बच्चों पर थोप दिया गया दैनिक कार्यो की जिम्मेदारी
- छात्रावास में पदस्थ है कई कर्मचारी

बच्चों के भविष्य को लेकर हर माता पिता न सिर्फ गंभीर होते है बल्कि बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए अच्छी शिक्षा दिलाने के लिए हमेशा प्रयासरत रहते है। इसी उद्देश्य से माता पिता अपने बच्चों को छात्रावास में दाखिल कराते है जहां शिक्षा और भोजन समय पर मिले जिससे शारीरिक व मानसिक विकास हो सके। शासन प्रशासन द्वारा ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों के लिए छात्रावास की सुविधा उपलब्ध कराई जहां बच्चे रहकर पढाई कर सके। धौरपुर स्थित बालक छात्रावास संचालित है लेकिन यहां न सिफ भारी अव्यवस्था बल्कि बच्चों पर ही दैनिक कार्यो की जिम्मेदारी थोप दिया गया है। ऐसे में न सिर्फ बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है बल्कि अतिरिक्त जिम्मेदारी मिलने से छात्रों पर मानसिक दबाव बढ़ने से उन पर विपरीत असर पड़ने लगा है।

विकास खंड लुंड्रा अंतर्गत ग्राम धौरपुर में बालक छात्रावास संचालित है। छात्रावास में आसपास गांव के बड़ी संख्या में बालक रहकर पढ़ाई करते है। छात्रावास का संचालन व्यवस्थित हो इसके लिए छात्रावास अधीक्षक सहित लगभग 8 से 9 कर्मचारी पदस्थ है। हैरानी की बात तो है कि छात्रावास में कर्मचारियों के पदस्थ होने के बावजूद बच्चों से छात्रावास के दैनिक कार्य कराए जाते है। छात्रावास में रह रहे बच्चों से ही खाना बनवाने, परिसर की साफ-सफाई के अलावा यहां तक कि गोबर से फर्श लीपने जैसे कार्य भी कराए जा रहे हैं। छात्रावास में लगभग 8 से 9 कर्मचारी पदस्थ हैं, इसके बावजूद दैनिक कार्यों की जिम्मेदारी बच्चों पर ही डाल दी गई है। इससे बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है तथा उनकी दिनचर्या पर भी नकारात्मक असर पड़ रहा है। छात्रावास के अधीक्षक राजेंद्र राम की उपस्थिति को लेकर भी सवाल उठते हैं। बताया जा रहा है कि अधीक्षक कभी-कभार कम समय के लिए छात्रावास आते हैं और फिर चले जाते हैं। जबकि नियमों के अनुसार रात्रि में अधीक्षक का छात्रावास में बच्चों के साथ रुकना आवश्यक है। स्थानीय लोगों का कहना है कि वे दिन में ही नहीं बल्कि रात में भी छात्रावास में नजर नहीं आते। ऐसे में छात्रावास की व्यवस्था भगवान भरोसे संचालित है। छात्रावास में भारी अव्यवस्था होने से इसका असर बच्चों पर पड़ रहा है। बच्चे रात में पढाई करने के बजाए भोजन बनाते है जिससे बच्चों की पढ़ाई पर भी असर पड़ रहा है।

#### बच्चों के स्वास्थ्य से खिलवाड़

बच्चों के भोजन साफ और व्यवस्थित हो इसके लिए छात्रावास प्रबंधन द्वारा कोई व्यवस्था उपलब्ध नहीं कराई है। ऐसे में चावल, सब्जी सहित अन्य खाद्य सामग्री जमीन पर रखे होते है जिसका भोजन के लिए उपयोग किया जाता है। चावल व सब्जी की क्वालिटी भी काफी घटिया होती है। ऐसे में पौष्टिक भोजन नहीं मिलने से बच्चों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ किया रहा है। इस के अलावा शौचालय एवं स्नानागार की साफ-सफाई भी छात्रों को ही करना पड़ता है जिससे बीमार पड़ने का संभावना बनी रहती है।

#### छात्रावास की जांच करने की मांग

छात्रावास में भारी अव्यवस्था को लेकर स्थानीय लोग पहले से अवगत है। लोगों का कहना है कि छात्रावास का निरीक्षण नहीं होने से ऐसी स्थिति निर्मित हुई है। अगर शासन प्रशासन द्वारा निरीक्षण किया जाता है ऐसी स्थिति नहीं होती। स्थानीय लोगों ने छात्रावास की जांच कर दोषियों के विरूद्ध कार्रवाई करने की मांग की है जिससे छात्रावास में रह रहे बच्चों को सुरक्षित एवं व्यवस्थित वातावरण मिल सके।

#### कराई जाएगी जांच

छात्रावास में भारी अव्यवस्था है तो इसकी जानकारी नहीं है। बालक छात्रावास की जांच कराई जाएगी। जांच में अव्यवस्था पाई गई तो दोषियों के विरूद्ध उचित कार्रवाई की जाएगी।

**-जेआर शतरंज**, एसडीएम

---

## मनरेगा बचाओ महासंग्राम को लेकर कांग्रेसियों की पदयात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ ओड़गी



मनरेगा बचाओ महासंग्राम को लेकर पदयात्रा की अध्यक्षता कर रहे जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष शशि सिंह के नेतृत्व में पदयात्रा कर कुदरगढ़ मुर्गी तहसीलदार के माध्यम से कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौपा। पद यात्रा के दौरान ओड़गी मंडल अध्यक्ष राजेंद्र यादव, धरसेडी मंडल जिला कांग्रेस महामंत्री रामकुमार बनछोर,जिला उपाध्यक्ष संजय यादव,शिवपाल यादव, भुवन बाबा,ब्लॉक अध्यक्ष लोकेश गुर्जर, मंडल अध्यक्ष खरा चंद्रभान राजवाड़े, बिहारपुर मंडल के गोपीचंद, राजाराम यादव, धर्मेंद्र यादव, दीपक गुप्ता, धर्म पटेल, गौतम कुशवाहा, शीतल देवांगन, भैया लाल यादव, राधा यादव, जानु कुरेजी, विनीत शर्मा, देवनारायण चेरवा, सलका ब्लॉक से विधानसभा उपाध्यक्ष लालजी राजवाड़े, संतोष गुप्ता,जिला सचिव दीपक यादव, रंगीला देवांगन, विनय पारले, सुदामा यादव, मुन्ना पंडो, जिला सचिव अंशु पांडे सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## बाइक से गिरे युवक की उपचार के दौरान मौत

**अम्बिकापुर।** चलगली थाना अंतर्गत ग्राम लुरगी कला निवासी बीरबल कोडाकू आ. रतन (23 वर्ष) 22 फरवरी को प्रतापपुर अंतर्गत ग्राम गोटगवां निवासी रिश्तेदार रमेश कोडाकू के यहां शादी कार्यक्रम में शामिल होने बाइक से आया था। शादी कार्यक्रम में शामिल होने के पश्चात दोपहर को वापस घर लौटने लगा और जैसे ही चिटका बहरा गोटगवा पक्की सड़क पर पहुंचा तभी अनियंत्रित होकर गिर गया जिससे गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की जानकारी लगने पर रिश्तेदार बाइक से प्रतापपुर अस्पताल में दाखिल कराया जहां उपचार के दौरान युवक की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

## इंडिया एआई समिट प्रकरण के विरोध में महिला मोर्चा ने फूंका राहुल का पुतला

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैयाथान



इंडिया एआई सम्मिट में युवा कांग्रेस इंपैक्ट सिस्टम से जुड़े कथित अमर्यादित एवं अभद्र कृत्य के विरोध में जिला महिला मोर्चा ने भैयाथान मंडल में विरोध प्रदर्शन करते हुए राहुल गांधी का पुतला दहन किया गया।

कार्यक्रम के दौरान महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष नूतन विश्वास ने घटना की कड़ी निंदा करते हुए इसे लोकतांत्रिक मूल्यों के विपरीत बताया और जिम्मेदार लोगों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग की। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की घटनाएं सार्वजनिक जीवन की गरिमा को आहत करती हैं। ऐसे दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। इस दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष सुनील साहू, जिला महामंत्री नेहा तिवारी, महिला मंडल अध्यक्ष नीरू गुप्ता, युवा मोर्चा जिला महामंत्री रूपेंद्र कुशवाहा, मंडल अध्यक्ष युवा मोर्चा अभिषेक गुप्ता, रामावतार पाटिल, त्रिलोक पटेल, ध्रुव सारथी, उजाला ठाकुर, खेलसाय राजवाड़े, महेंद्र यादव, गोरख राजवाड़े, ऋषभ अग्रवाल, रवि यादव, अवि गुप्ता, बिजेंद्र कुशवाहा, तान्या पटेल, रीता यादव सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## युवक ने शादी के लिए बनाया दबाव तो युवती ने पी लिया जहर, मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

युवक द्वारा आए दिन शादी के लिए दबाव बनाने से परेशान युवती ने कीटनाशक पी ली। परिजन युवती को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है।

जानकारी के अनुसार धौरपुर थाना अंतर्गत ग्राम बरकोल निवासी रूपा सेन आ. भीम सेन (19 वर्ष) 20 फरवरी को कीटनाशक पी ली। इधर कीटनाशक पीने की जानकारी लगने पर परिजन उसे मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान आज युवती की मौत हो गई। मृतिका की मां रामवती ने पुलिस को बताया कि ग्राम रवई निवासी एक युवक लगातार उसकी बेटी को शादी करने के लिए दबाव बना रहा था जिससे बेटी रूपा काफी परेशान थी। युवक द्वारा शादी के लिए दबाव बनाने से तंग आकर कीटनाशक पी ली। रामवती ने पुलिस को बताया कि यह बाद उसकी बेटी ने अस्पताल में भर्ती रहने के दौरान उसे बताई। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात लाश का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

#### कीटनाशक पीने से गंभीर युवक की गई जान

पत्नी व बच्चो को लेकर ससुराल गए युवक ने अज्ञात कारण से कीटनाशक पी लिया। युवक को गंभीर हालत में मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार उदयपुर थाना अंतर्गत ग्राम भंडार निवासी दिनेश कुमार आ. उजीत राम (27 वर्ष) 18 फरवरी को पत्नी ममता व दो बच्चों को लेकर ससुराल ग्राम परसा नवापारा गया था। उसी दिन युवक अपने छोटे बच्चे को लेकर गांव में घूमने चला गया। शाम को घर आने लगा तो वह लड़खड़ाने लगा जिसे देख पत्नी ने सही तरीके से नहीं चल पाने के संबंध में पूछी तो पति ने कीटनाशक पी लेने की बात बताई। कीटनाशक पी लेने की जानकारी लगते ही परिजन उसे उदयपुर अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने युवक की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां बीती रात उपचार के दौरान युवक की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

---



## साक्षी ने भाषण प्रतियोगिता में जीता प्रथम स्थान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

**सूरजपुर।** शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की छात्रा साक्षी गुप्ता ने राष्ट्रीय स्तर पर जिले और महाविद्यालय का गौरव बढ़ाया है। उन्होंने गुजरात विश्वविद्यालय, अहमदाबाद में आयोजित राष्ट्रीय एकता शिविर में न केवल छत्तीसगढ़ राज्य का प्रतिनिधित्व किया, बल्कि भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर पूरे देश में अपनी अलग पहचान बनाई। भारत सरकार के युवा कार्य एवं खेल मंत्रालय के तत्वावधान में आयोजित यह शिविर 4 से 10 फरवरी तक चला, जिसमें देशभर के 10 राज्यों एवं विश्वविद्यालयों के स्वयंसेवकों ने भाग लिया। साक्षी गुप्ता ने संत गहिरा गुरु विश्वविद्यालय की टीम के साथ इस आयोजन में भाग लिया। शिविर के दौरान आयोजित रैली में छत्तीसगढ़ की टीम ने अपनी पारंपरिक वेशभूषा और आभूषणों के साथ राज्य की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को पूरे देश के सामने प्रस्तुत किया। शिविर में कुल चार प्रतियोगिताओं में से तीन में छत्तीसगढ़ की टीम ने अपना स्थान सुनिश्चित किया, जो राज्य की प्रतिभा और तैयारी का प्रमाण है। महाविद्यालय के प्राचार्य बृजलाल साहू एवं कार्यक्रम अधिकारी पूजांजलि भगत ने साक्षी गुप्ता की इस उपलब्धि पर उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## चोरों ने शो रूम से पार किया नकद तीन लाख रुपए

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

मुख्य मार्ग राम मंदिर के समीप स्थित एक टीवीएस शो रूप से चोरों ने धावा बोलकर नकदी तीन लाख रुपए पार कर दिया। शोरूम संचालक ने घटना की रिपोर्ट कोतवाली में दर्ज कराई है। रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात के विरूद्ध चोरी का मामला दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार राम मंदिर के समीप निवासी संजीव कुमार गुप्ता आ. भागवत प्रसाद गुप्ता ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया है कि 21 फरवरी की रात शो रूम का सामने का शटर बंद कर काम किए। काम करने के पश्चात शो रूम बंद कर पास ही घर में सोने चले गए। दूसरे दिन स्टाफ सुनीता आई और शो रूम सफाई करने गई तो अंदर सामान अस्त व्यस्त देख घटना की जानकारी संचालक को दी। संचालक का पुत्र शो रूम में आया तो देखा सीसीटीवी कैमरा का डीवीआर गिरा हुआ था जबकि काउंटर में रख नगद तीन लाख रुपए गायब थे। शो रूम में चोरी होने की आशंका पर संचालक ने घटना की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई। रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात के विरूद्ध धारा 305(ए), 331(4) के तहत अपराध दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।




## खबर संक्षेप



### विशेषज्ञों ने दी बैंकिंग परीक्षा की तैयारी करने की जानकारी

**अम्बिकापुर।** शासकीय राजीव गांधी पीजी कॉलेज में बैंकिंग भर्ती की तैयारी हेतु कार्यशाला का आयोजन टैलेंट एंज आईआई लिमिटेड रायपुर के सहयोग से किया गया। कार्यशाला में प्राचार्य डॉ.अनिल कुमार सिन्हा ने कहा कि आज के प्रतिस्पर्धी युग में केवल शैक्षणिक डिग्री पर्याप्त नहीं है तथा विद्यार्थियों को व्यवहारिक ज्ञान, संप्रेषण कौशल तथा परीक्षा की रणनीति की भी आवश्यकता होती है। टैलेंटएज के विशेषज्ञ विकास पाण्डेय एवं राहुल सिंह ने बैंकिंग क्षेत्र में उपलब्ध रोजगार के अवसरों, विभिन्न बैंकिंग परीक्षाओं की संरचना तथा चयन प्रक्रिया के बारे में विस्तार से जानकारी दी। वक्ताओं ने विद्यार्थियों को समय प्रबंधन, नियमित अभ्यास, मॉक टेस्ट की महत्ता तथा करंट अफेयर्स की तैयारी करने का सुझाव दिया। विकास पाण्डेय ने कहा कि बैंकिंग क्षेत्र आज भी युवाओं के लिए एक सुरक्षित एवं प्रतिष्ठित करियर विकल्प है तथा सरकारी एवं निजी बैंकों में निरंतर भर्ती की प्रक्रिया चलती रहती है। इसके लिए सुनियोजित तैयारी आवश्यक है। राहुल सिंह ने विद्यार्थियों को साक्षात्कार में आत्मविश्वास, अभिव्यक्ति एवं सकारात्मक दृष्टिकोण रखने की सलाह दी तथा समूह चर्चा एवं पर्सनल इंटरव्यू की तकनीकों से अवगत कराया।

### चयनित ग्राम पंचायतों में हुई विशेष ग्राम सभा

**सूरजपुर।** जिला प्रशासन द्वारा शासन की महत्वाकांक्षी एवं जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन तथा ग्रामीण क्षेत्रों में जन भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिले के चयनित ग्राम पंचायतों में विशेष ग्राम सभाओं का आयोजन किया गया। आयोजित ग्राम सभाओं में विभिन्न शासकीय योजनाओं की समीक्षा, पात्र हितग्राहियों का सत्यापन एवं आवश्यक प्रस्तावों को पारित किया गया। विशेष ग्राम सभा में शासन की महत्वाकांक्षी धरती आबा योजना अंतर्गत वन क्षेत्र से प्रभावित ग्राम पंचायतों में सड़क निर्माण कार्य की स्वीकृति के संबंध में विस्तृत चर्चा एवं अनुमोदन किया गया। साथ ही प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना अंतर्गत वनपट्टा धारी कृषकों के भौतिक सत्यापन के उपरांत अपात्र पाए गए कृषकों के संबंध में ग्राम सभा में विचार-विमर्श कर आवश्यक निर्णय लिए गए।

### डीलिस्टिंग महारैली को लेकर लुण्ड्रा में कार्यशाला

**अम्बिकापुर।** जनजाति सुरक्षा मंच द्वारा खंड स्तरीय डीलिस्टिंग कार्यशाला का आयोजन पंचायत भवन लुण्ड्रा में किया गया। कार्यशाला में 24 मई को दिल्ली में होने वाली डीलिस्टिंग जनजाति गर्जना महारैली की तैयारियों पर चर्चा की गई। कार्यशाला में जशपुर प्रांत के सह संयोजक इंदर भगत ने कहा कि संविधान निर्माण के बाद से जनजाति समाज को अपेक्षित रखने के साथ ही उन्हें संवैधानिक अधिकार नहीं मिला है। उन्होंने वर्षों पहले डीलिस्टिंग की मांग पहली बार संसद में रखने वाले बाबा कार्तिक उरांव के योगदान को याद करते हुए कहा कि समाज को दिशा दिखाने के बावजूद समाज आज भी अपने अधिकारों के लिए संघर्षरत है। जिला संयोजक बिहारी लाल उरांव ने कहा कि यह मुद्दा जनजातीय समाज के अस्तित्व, अधिकार और संवैधानिक संरक्षण से जुड़ा है। समाज को जागरूक, संगठित एवं एकजुट रहकर हमें अपने अधिकारों के लिए लड़ना होगा। जिला सह संयोजक पुरन सिंह टेकाम ने कहा कि हमने गांव स्तर से लेकर प्रदेश स्तर पर डीलिस्टिंग रैली किया है अब दिल्ली जाने की बारी है। इसके लिए प्रत्येक गांव के हर मोहल्ले के लोगों से संपर्क करना है। खंड संयोजक हीरा सिंह टेकाम ने कहा कि पहले भी महारैली में लुण्ड्रा के हजारों जनजाति शामिल हुए हैं। इस बार दिल्ली की महारैली को लेकर लोगों में भारी उत्साह है। उपस्थित लोगों ने अधिक से अधिक संख्या में दिल्ली पहुंचकर समाज की एकजुटता दिखाने का संकल्प लिया। कार्यशाला का संचालन ठाकुर दयाल पैकरा एवं आभार प्रदर्शन मंगल कोरवा ने किया। इस दौरान चमनलाल पैकरा, अमरदेव पैकरा, सेवक सिंह, दिनेश एक्का, बालम साय सिंह, सोमर साय, महेश्वर पैंकरा, किशुन राम सहित बड़ी संख्या में समाज के सदस्य उपस्थित थे।

## साफ-सफाई को लेकर मिली शिकायत

# महापौर ने किया पीलिया प्रभावित वार्डों का दौरा, नागरिकों से की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**खास बात**

- अवैध मटन-चिकन की दुकानों को बंद कराने के निर्देश

शहर के नवागढ़, मोमिनपुरा वार्ड में दूषित पेयजल और पीलिया के मरीज मिलने की सूचना के बाद मंगलवार को नगर निगम महापौर श्रीमती मंजूषा भगत ने ननि व स्वास्थ्य विभाग की टीम के साथ प्रभावित वार्ड व गलियों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने वार्ड में लोगों से बात करने के साथ ही वार्ड में साफ-सफाई करने के साथ ही पोल्ट्री फार्म, चिकन मटन की अवैध दुकानों को हटाने के निर्देश दिए।

बता दें कि शहर के नवागढ़, मोमिनपुरा वार्ड में दूषित पेयजल के कारण पीलिया के मरीज मिलने की बात सामने आई थी। जानकारी सामने आने के बाद महापौर श्रीमती मंजूषा भगत के निर्देश पर जल प्रदाय विभाग के प्रभारी सदस्य जितेंद्र सोनी के निर्देश पर जल विभाग एक अधिकारीयों द्वारा वार्ड में संभावित घरों से पानी का सैंपल लिया गया। लिए गए पानी सैंपल को जांच के लिए रायपुर भेजा गया है और इसकी रिपोर्ट 25 फरवरी को प्राप्त होगी। इस बीच मंगलवार को महापौर श्रीमती मंजूषा भगत ने ननि की टीम व पार्षदों के साथ वार्डों का निरीक्षण किया। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग द्वारा जानकारी उपलब्ध कराई गई की दिसंबर माह से 10 दिन पूर्व तक 42 पुलिया के मरीज थे परंतु वर्तमान में ठीक हो गए हैं। यह सर्वे मोमिनपुरा की मितानिन श्रीमती निम्मा खातून द्वारा किया गया है। तत्पश्चात आठ लोगों की जांच हुई, जिसमें तसलीमा/ताहिर, मोहम्मद जुनैद आलम आ. मोहम्मद महफूज दो व्यक्ति वर्तमान में मरीज पाए गए शेष छः लोग पूर्व में ठीक हो चुके हैं। नगर पालिक निगम को दो माह में अब तक कोई सूचना प्राप्त नहीं हुई है। मितानिन द्वारा 10 घरों से पानी का सैंपल लेकर मेडिकल कॉलेज के लैब में टेस्ट कराया गया। जिसमें केवल दो घरों के सैंपल प्रदूषित पाया गया। घुटरापारा में छः नहीं मरीज मिलने की बात सामने आई थी लेकिन स्वास्थ्य विभाग, स्थानीय मितानिन यशोदा यादव यादव व गीता विश्वकर्मा को इसकी जानकारी नहीं है। नहीं है। टीम द्वारा जांच में भी नहीं मिले। इस अवसर पर एमआईसी सदस्य मनीष सिंह, श्रीमती प्रियंका गुप्ता, नितिन गुप्ता, अजय सारथी, विकास गुप्ता, प्रशांत पांडेय, जल विभाग के प्रभारी प्रशांत खुल्लर, इंजीनियर सतीश रवि, स्वास्थ्य विभाग से अनिल पांडे, स्वास्थ्य कर्मी, सफाई कर्मी, नल विभाग के कर्मचारीगण, वार्ड वासी उपस्थित रहे।



वार्ड में लोगों से जानकारी लेती महापौर।

### चिकन-मटन दुकानों को हटाने के निर्देश

निरीक्षण के दौरान यह बात सामने आई की वार्ड में नाली खुली है, पर्याप्त गंदगी, कचरों का ढेर है और वर्षों से वार्ड में सफाई नहीं हुई है। महापौर के समक्ष मोहल्ले वासियों द्वारा भी इसकी शिकायत की गई। स्थानीय निवासी अधिवक्ता इनामुल हक एवं वरिष्ठ सलीम अंसारी द्वारा बताया गया इन गलियों में पोल्ट्री फार्म, चिकन-मटन अवैध दुकान संचालित हैं जो गंदगी का प्रमुख कारण है एवं बीमारी फैल रही है। वार्ड वासियों की शिकायत थी की कई बार आवेदन देने के बाद भी आज तक कोई कार्रवाई नहीं की गई। जिस पर महापौर ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सफाई विभाग को विशेष टीम लगाकर सफाई कार्य करने, जल विभाग को सभी कनेक्शन जो नालियों में है उसे स्वच्छ स्थान पर स्थानांतरित करना, बाजार विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग को पोल्ट्री फार्म, अवैध चिकन, मटन, मछली की दुकानों को बंद कराने का निर्देश दिया। वहीं महापौर ने फोन पर सीएमएचो से चर्चा की गई। इस दौरान सीएमएचो ने बताया कि पानी के अलावा, दूषित खाद्य पदार्थ का सेवन, गंदगी भी मुख्य वजह है इसके अलावा जल सैंपल टेस्ट की रिपोर्ट आने पर स्थिति स्पष्ट होगी। महापौर ने उन्हें निर्देश दिए नर्सिंग टीम को डोर टु डोर जांच किया जाए।

### लापरवाह ठेकेदार होंगे ब्लैक लिस्टेड

जलप्रदाय विभाग की प्रभारी सदस्य जितेंद्र सोनी ने बताया कि पीलिया से पीड़ित क्षेत्र से पानी का सैंपल लेकर रायपुर भेजा गया है। 26 या 27 फरवरी को रिपोर्ट आ जाएगी। जिन गलियों में नालियों के संपर्क में कनेक्शन दिए गए हैं उन्हें सुरक्षित स्थान पर किए जाएंगे। एक व्यक्ति के कनेक्शन के दौरान चप्पल से लीकेज बंद करने का मामला सामने आया है इस कार्य को करने वाले ठेकेदार को ब्लैक लिस्टेड करने की कार्रवाई की जा रही है एवं विभाग को निर्देश दिया गया की कनेक्शन करने से पूर्व, ठेकेदार को कार्य करने से पूर्व विभाग द्वारा स्थल का जांच कराया जाए।

### कराएंगे पाइप लाइन शिफ्टिंग : मंजूषा

निरीक्षण के दौरान महापौर श्रीमती मंजूषा भगत ने कहा कि पीलिया फैलना बड़ा चिंतनीय विषय है, वार्डवासियों को इसकी सूचना तत्काल निगम को देनी चाहिए थी। यह सभी का कर्तव्य है। मैं स्वयं पूरे निगम का अमला के साथ दौरा कर जानकारी प्राप्त कर रहीं हूं। निरीक्षण के दौरान कई शिकायत एवं सुझाव आए हैं जिसका तत्काल निराकरण किया जाएगा एवं पूरे शहर में जांच, सफाई व्यवस्था की समीक्षा का निर्देश अधिकारियों को दिया है। पानी का जांच रिपोर्ट आने तक पानी उबाल कर पीएं। वार्डवासी डरे नहीं, जल्द ही समस्या का निदान हो जाएगा। नाली के बगल में या नाली के नीचे पाइपलाइन बचाने की बात सामने आई है। अमृत मिशन के तहत डीपीआर की विपरीत कई स्थान पर पिछले निगम सरकार में कार्य कराया गया है। इसकी जांच कराकर कार्रवाई कराई जाएगी। गलियों का चिन्हांकन कर पाइपलाइन शिफ्टिंग कराया जाएगा। हमें अभी आरोप-प्रत्यारोप को किनारे रखते हुए समस्या से निपटने की आवश्यकता है।



## किसानों के सर्वांगीण विकास के लिए काम कर रही सरकार : भारत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीतापुर

- भाजपा किसान मोर्चा का जिला स्तरीय बैठक में संगठन की मजबूती का लिया संकल्प

किसानों को शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं का लाभ दिलाने भाजपा किसान मोर्चा का जिला स्तरीय बैठक बतौली विकासखंड के ग्राम बूढ़ाआमा में आयोजित की गई।

बैठक को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया ने कहा कि भाजपा सरकार किसानों के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर कार्य कर रही है। राज्य सरकार द्वारा संचालित अनेक जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे इसके लिए संगठन के कार्यकर्ताओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि सभी पदाधिकारी गांव-गांव जाकर योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार करें तथा पात्र किसानों को योजनाओं से जोड़कर उन्हें वास्तविक लाभ दिलाएं। इस अवसर पर नवनियुक्त जिला पदाधिकारी एवं मंडल अध्यक्षों के बीच परिचय सत्र के दौरान सभी ने संगठन हित में पूरी निष्ठा एवं समर्पण के साथ कार्य करने का संकल्प लिया।बैठक में संगठनात्मक ढांचे को मजबूत करने, बूथ स्तर तक किसान मोर्चा की सक्रियता बढ़ाने तथा आगामी चुनाव की रणनीति को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। भाजपा किसान मोर्चा के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष अनिल निराला ने मुख्य अतिथि जिला अध्यक्ष भरत सिंह सिसोदिया के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि किसान मोर्चा प्रदेश की भाजपा सरकार के सार्थक प्रयासों का व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार करेगा एवं किसानों को योजनाओं का ज्यादा से ज्यादा लाभ दिलाने के लिए प्रयासरत रहेगा। उन्होंने कहा कि संगठन के सभी कार्यकर्ता एकजुट होकर भाजपा की नीतियों एवं सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाएंगे। कार्यक्रम के अंत में संगठन की मजबूती, किसानों के उत्थान तथा क्षेत्र के समग्र विकास हेतु सामूहिक संकल्प लिया गया। कार्यक्रम में भाजपा जिला महामंत्री विनोद हर्ष, किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष अनिल अग्रवाल, जन्मजय मिश्रा, निलेश सिंह, अशोक गुप्ता, रज्जु राम, रजनीश पांडे, राजू पांडे, आशीष गुप्ता, अमित गुप्ता, नीरू मिस्त्री, महेन्द्र सिंह, अनिल तिवारी, जितेश्वर पाठक, प्रदीप अग्रवाल, विक्की सोनी, विजय तिवारी, प्रदीप मिश्रा सहित अन्य मौजूद थे।

## भाजपा जिलाध्यक्ष ने किया ग्राम राजाकटेल का भ्रमण, सुनी ग्रामीणों की समस्या



अम्बिकापुर। भाजपा जिलाध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया ने पदाधिकारियों पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ लखनपुर प्रवास के दौरान ग्राम राजाकटेल के पंडो समाज के लोगों की व्यथा सुनी। लोगों ने बताया कि उनकी पुरखों की जमीन छलपूर्वक बाहरी लोगों ने हड़प ली है तथा समुदाय विशेष के बाहरी लोग खेती-बाड़ी पर कब्जा कर लिए हैं। आदिवासी वर्ग की भूमि सामान्य वर्ग का व्यक्ति क्रय नहीं कर सकता इसके बावजूद बाहरी लोगों ने षड्यंत्र पूर्वक गांव के पंडो समाज के लोगों की 70 फीसदी से अधिक भूमि पर अपना कब्जा जमा लिया है। कुछ लोगों ने आदिवासी जमीन की रजिस्ट्री भी करा ली है वहीं कई लोगों को वनभूमि पट्टा मिल गया है एवं नामांतरण भी हो चुका है। ग्रामीणों ने बताया कि बकरियां खरीदने आए लोगों ने प्रारंभ में झोपड़ी बनाने के लिए जगह मांगी तथा धीरे-धीरे पक्का घर बना लिया। जिलाध्यक्ष श्री सिसोदिया ने तत्काल कलेक्टर एवं राजस्व अधिकारियों से दूरभाष पर चर्चा कर स्थिति से अवगत कराया एवं तत्काल कार्रवाई करने की मांग की तथा ग्रामीणों को भरोसा दिलाया कि आपकी एक-एक इंच जमीन का हिसाब होगा और जमीन वापस मिलेगी। इस दौरान जिला महामंत्री विनोद हर्ष, दिनेश साहू, दिनेश गुप्ता, चंद्रिका यादव, निलेश सिंह, अजीत सिंह, जन्मेजय मिश्रा, विजय व्यापारी सहित अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## 26 वर्षों बाद सरगुजा स्काउटिंग को मिला अपना नवीन जिला कार्यालय

- विधि विधान से किया गया उद्घाटन

**अंबिकापुर।** भारत स्काउट्स एवं गाइड्स सरगुजा के नवीन जिला कार्यालय व हॉल का लोकार्पण मंगलवार को किया गया। जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय परिसर में जिला मुख्य आयुक्त तजिंदर सिंह बग्गा, डीईओ एवं पदेन कमिश्नर सरगुजा डॉ. दिनेश कुमार झा ने कार्यालय का उदघाटन किया। 26 वर्षों की सतत यात्रा के बाद जिले को अपना स्वतंत्र और सुसज्जित कार्यालय प्राप्त होना सरगुजा स्काउटिंग परिवार के लिए गर्व का विषय रहा। इस दौरान जिला मुख्य आयुक्त तजिंदर सिंह बग्गा ने कहा कि यह भवन सेवा, अनुशासन और राष्ट्र निर्माण की भावना का सशक्त केंद्र बनेगा। उन्होंने इस उपलब्धि को सामूहिक समर्पण का परिणाम बताते हुए वर्तमान जिला शिक्षा अधिकारी के सहयोग के प्रति आभार प्रकट किया।

डीईओ एवं पदेन कमिश्नर डॉ. दिनेश कुमार झा ने कहा कि स्काउटिंग एवं गाइडिंग विद्यार्थियों के अनुशासनात्मक चरित्र निर्माण की प्रभावी पाठशाला है जहां बाल्य अवस्था से लेकर किशोरावस्था तक प्रशिक्षण दिया जाता है। उन्होंने सरगुजा को राज्य में स्काउटिंग के क्षेत्र में अग्रणी बनाने का आह्वान किया साथ ही निरंतर प्रशासनिक सहयोग का आश्वासन दिया। इस अवसर पर जिला संगठन आयुक्त योगेश विश्वकर्मा की भूमिका विशेष रूप से सराही गई। उनके अथक परिश्रम, सतत प्रयास और दूरदर्शी नेतृत्व के फलस्वरूप ही यह उपलब्धि साकार हो सकी। उपस्थित सभी पदाधिकारियों एवं अतिथियों ने उनके समर्पण संगठन क्षमता और सक्रिय नेतृत्व की मुक्तकंठ से प्रशंसा की। श्री विश्वकर्मा ने जिले की अब तक की उपलब्धियों से अवगत कराते हुए आगामी राज्यपाल पुरस्कार में अधिकाधिक सहभागिता का अश्वासन दिलाया एवं शीघ्र ही बेसिक स्काउट मास्टर गाइड कैप्टन प्रशिक्षण आयोजित करने कहा जिससे जिले की स्काउटिंग गतिविधियों को नई गति एवं दिशा मिलेगी। इस अवसर पर कार्यालय प्राँगण में सर्वधर्म प्रार्थना सभा आयोजित की गई एवं जिला व ब्लॉक स्तर के पदाधिकारियों, स्काउटर-गाइडर, सीनियर रोवर्स व रेंजर्स को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस दौरान सरगुजा स्काउट संभाग आयुक्त त्रिभुवन शर्मा, सहायक परियोजना अधिकारी संजय सिंह, जिला सचिव महेंद्र सिंह, सह सचिव रेशमा लकड़ा, जिला प्रशिक्षण आयुक्त स्काउट गाइड मनीष गुप्ता, पुष्पिका मिंज, ब्लॉक सचिव मनीषा तिर्की, अनुप्रेमा भगत, शीतल जायसवाल, स्काउटर दयाशंकर सिंह, हरि प्रसाद राजवाड़े, सतीश भाई पटेल, प्रमोद भगत, गाइडर संगीता राज तिर्की, अरुणा टोप्पो, सुष्मिता एक्का, अंजना प्रजापति, शिवानी तिर्की, सीनियर रोवर विवेक सोनी, गोपाल सिंह, रवि यादव, राहुल सिंह, रितेश, अभिमन्यु, लव, आकाश, रेंजर अंजलि, प्रियांशु, पायल,भाव्या, मांशु आदि शामिल रहे।



## शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म आरोपी जेल दाखिल

**अम्बिकापुर।** शादी का झांसा देकर युवती से अनाचार करने के मामले में राजपुर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा है। पीड़िता ने लुण्ड्रा थानान्तर्गत ग्राम कोईलारी निवासी उमेश दिवाकर पिता मंगलू के विरूद्ध शादी का झांसा देकर लंबे समय से अनाचार करने एवं बाद में शादी करने से इंकार करने का आरोप लगा राजपुर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस धारा 69 एवं 351 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी को तलाश रही थी। आरोपी लम्बे समय से फरार था तथा अलग-अलग रिश्तेदारों के घर में समय गुजार रहा था। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर मंगलवार को न्यायालय में प्रस्तुत किया जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है।

## लखनपुर विद्युत उपकेन्द्र में चार्ज किया गया 5 केवीए का ट्रांसफार्मर

**अम्बिकापुर।** तहसील मुख्यालय लखनपुर में लगातार विद्युत भार बढ़ने से उपभोक्ताओं को हो रही समस्या के निराकरण की दिशा में ग्रामीण विद्युत संभाग द्वारा विद्युत उपकेन्द्र में 5 एमबीए क्षमता का ट्रांसफार्मर स्थापित किया गया। विद्युत अधिकारियों की उपस्थिति में ट्रांसफार्मर को चार्ज करने के साथ ही गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति प्रारंभ की गई। लखनपुर स्थित 33/11 केवी विद्युत उपकेन्द्र में लम्बे समय से 3.15 केवी क्षमता के ट्रांसफार्मर के माध्यम से विद्युत की आपूर्ति की जा रही थी। घरेलू कृषि एवं औद्योगिक उपभोक्ताओं की संख्या बढ़ने के साथ ही विद्युत की खपत में वृद्धि होने के कारण बीच-बीच में उपभोक्ताओं को लो-वोल्टेज सहित अन्य तकनीकी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा था। समस्या के निराकरण के लिए विभाग ने ट्रांसफार्मर की क्षमता बढ़ाने का प्रस्ताव शासन को भेजा था। शासन की स्वीकृति उपरांत मंगलवार को कार्यपालन अभियंता रोशन नागवंशी सहित विभाग के अन्य अधिकारियों की उपस्थिति में तकनीकी टीम ने उपकेंद्र में 5 केवीए क्षमता का ट्रांसफार्मर लगाया तथा सफलता पूर्वक इसे चार्ज कर आपूर्ति प्रारंभ की। कार्यपालन अभियंता श्री नागवंशी ने बताया कि 5 केवीए का ट्रांसफार्मर लगने से क्षेत्र के उपभोक्ताओं को अब निर्वाध गुणवत्तायुक्त बिजली उपलब्ध होगी तथा औद्योगिक एवं आर्थिक गतिविधियों को बल मिलेगा।



हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736

# दूसरे की भूमि को अपना बताकर दो लाख की ठगी, आरोपी गिरफ्तार

**अंबिकापुर।** दूसरे की जमीन को अपना बताकर 2 लाख रुपए की ठगी के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से जनरल पावर ऑफ अटार्नी को भी जब्त किया है। कोतवाली पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार केदारपुर चर्च रोड निवासी प्रितपाल सिंह ने शिकायत दर्ज कराई थी कि मीना एवं देवपति के स्वामित्व की भूमि सूरजपुर जिले के लटोरी मोरभंज में मौजूद है। उक्त भूमि के उप पंजीकृत अधिकार पत्र के आधार पर आरोपी राजेश कुमार पाण्डेय ने 21 जुलाई 2022 को 35 लाख रुपए में उक्त भूमि का सौदा कर लिया और अग्रिम राशि 2 लाख रुपए चेक के माध्यम से लिए। इस दौरान आरोपी राजेश कुमार पाण्डेय ने कहा था कि पूरी राशि मिलने के बाद वह भूमि के बिक्री की सम्पूर्ण कार्रवाही करेगा लेकिन रूपए लेने के बाद वह जमीन की बिक्री नहीं कर रहा था। इस दौरान यह बात सामने आई कि राजेश कुमार पाण्डेय के नाम उक्त भूमि की पावर ऑफ अटार्नी 2023 में आई थी जबकि उसने 2022 में ही पावर ऑफ अटार्नी के नाम पर जमीन की रजिस्ट्री करने के लिए 2 लाख रुपए का चेक ले लिया था। जब प्रितपाल सिंह द्वारा अपने रूपए वापस मांगे गए तो आरोपी रूपए देने को तैयार नहीं था। ऐसे में उसने मामले की शिकायत पुलिस से की थी। कोतवाली पुलिस द्वारा इस मामले की जांच की जा रही थी। जांच के दौरान इस बात की पुष्टि हुई कि प्रार्थी को कूटरचित अधिकार पत्र दिखाकर 21 जुलाई 2022 को भूमि कय विक्रय करने का अनुबंध पत्र किया गया है जबकि मूल भूमि स्वामी देवमति से आरोपी के द्वारा 6 मार्च 2023 को मुख्तारनामा आम जनरल पावर ऑफ अटॉर्नी दो वर्ष के लिये लिया गया है। ऐसे में कोतवाली पुलिस ने केदारपुर तिवारी बिल्डिंग रोड निवासी 41 वर्षीय राजेश कुमार पाण्डेय आ. राजन कुमार पाण्डेय को भादवि की धारा 420, 467,468, 471 के तहत गिरफ्तार करने के साथ ही जनरल पावर ऑफ अटॉर्नी को जब्त किया है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी कोतवाली शशिकान्त सिन्हा, उनि केके यादव, साइबर सेल प्रभारी अजीत मिश्रा, प्रधान आरक्षक जयदीप सिंह, विकास सिन्हा, आरक्षक मनीष सिंह, अमनपुरी, शिव राजवाड़े, दीपक दास मंटू गुप्ता सक्रिय रहे।






